(ग) पश्चिम एशिया के बाजारों को प्लास्टिक की वस्तुओं के निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार प्लास्टिक एण्ड लिनोलियम एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के माध्यम से भरसक प्रयत्न कर रही है। इन उपायों के फलस्वरूप इन देशों को हमारे निर्यात काफी बढ़े हैं। जो उपाय किये जा रहे हैं उनमें ये शामिल हैं: प्रदर्शनियों में भाग लेना, बिक्री तथा अध्ययन दल भेजना, खरीदारों के प्रतिनिधिमंडलों को आमन्त्रित करना, व्यक्तिगत निर्यातकों को दौरे करने के लिये प्रोत्साहित करना तथा निर्यात संवर्धन के कार्यों में हमारे वाणिज्यिक मिशनों का सक्रिय रूप से उपयोग करना।

छोटे शहरों के लिए विमान सेवा

*363. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने छोटे शहरों को भी विमान सेवा द्वारा जोड़ने का निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे शहर कौन-कौन से हैं और ऐसा कब तक कर लिए जाने की संभावना है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) सरकार ने छोटे शहरों को विमान सेवा से जोड़ने का अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

जोमेयर विमान दुर्घटना संबंधी प्रतिवेदन

*364. **श्री ब्रज भूषण तिवारी** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 21 मार्च, 1971 को जोमेयर विमान वीटी-एटीटी की दुर्घटना के बारे में प्रतिवेदन सभा-पटल पर रखा जायेगा;

(ख) क्या इस प्रतिवेदन में आसाम क्षेत्र में रात को उड़ानों के विरुद्ध सिफारिश की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) रिपोर्ट की प्रतियों के पार्लियामेंट की लाइब्रेरी में रखने की व्यवस्था की जा रही है।

(ख) और (ग). केवल गोहाटी के संबंध में, जांच अदालत ने यह सिफारिश की थी कि वहां रात में उड़ानों के लिए विशेष अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वहां केवल एक के सिवाय और कोई बाधा सूचक बत्तियां (Obstruction Lights) नहीं लगी हुई थीं। बाद में, विमान परिचालनों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दो और बाधा सूचक बत्तियों (Obstruction Lights) की व्यवस्था करके इस कमी को दूर कर दिया गया है।

Export Duty on Fabricated MICA Products

*365. SHRI R. L. P. VERMA: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the fabricated mica parts and mica based products like elements for toasters, electric iron, heaters etc. are facing serious competition in foreign markets from synthetic products and mica paper based products: